हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 1 जनवरी 2026

04 कोहरे में घंटों देरी से पहुंच रही हैं ट्रेनें, यात्री परेशान



09 उम्मीदों से भरा होगा नया साल जिले में बढ़ेगी विकास की...






## खबर संक्षेप



### मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री की पुण्यतिथि पर स्मरण किया

**सागर।** मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पं.रविशंकर शुक्ल की पुण्यतिथि पर शहर सेवादल परिवार ने श्रृद्धांजलि अर्पित करके उनका स्मरण किया। जूम मीटिंग में सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई, प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव की उपस्थिति म.प्र.के प्रथम मुख्यमंत्री को स्मरण किया और सेवादल के दल दिवस का समापन हुआ। कार्यक्रम में शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, परख शुक्ला, पूजा अहिरवार, अन्नू घोषी, आकाश रजक, तरुण सैनी, मो.इरशाद, नीरज सोनी, रंजीत साहू, राकेश जैन, नरोत्तम आठ्या, विठ्ठल, रवि जैन आदि उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों के लिए आवेदन प्रारंभ

**सागर।** सागर जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाडी कार्यकर्ता और सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती प्रकिया प्रारंभ की गई है। जिले में कुल 101 पदों पर नियुक्तियाँ की जाएंगी जिसमें 36 आंगनवाडी कार्यकर्ता और 65 आंगनवाडी सहायिका शामिल हैं। यह भर्ती प्रकिया एम.पी. ऑनलाईन द्वारा निर्मित चयन पोर्टल के माध्यम से पूरी की जाएगी। इच्छुक एवं पात्र महिला अभ्यार्थी 31 दिसम्बर से एम.पी. ऑनलाईन के चयन पोर्टल पर आवेदन कर सकतीं हैं। आवेदन पत्र की अंतिम तिथि 10 जनवरी निर्धारित की गई है। एवं आवेदन पत्रों में त्रुटि सुधार 12 जनवरी तक किया जा सकेगा। नियुक्ति से संबंधित सभी नियम, निर्देश, शर्तें, आवेदन का प्रारूप शैक्षणिक योग्यता और अन्य आवश्यक अर्हताओं की जानकारी चयन पोर्टल पर उपलब्ध है।

### जिला स्तरीय सहायता समिति की बैठक संपन्न

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश एमएसएमई प्रोत्साहन योजना अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सहायता समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। बैठक में चेतेन्द्र सिंह, जिला अग्रणी प्रबंधक, मन्दकिनी पाण्डेय, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र सागर सहित योजना अंतर्गत वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाली औद्योगिक इकाइयों के स्वामी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान औद्योगिक इकाई स्वामियों द्वारा अपनी-अपनी इकाइयों के उत्पाद, रोजगार सृजन एवं निवेश से संबंधित जानकारी प्रस्तुत की गई। समिति द्वारा नियमानुसार परीक्षण उपरांत 07 औद्योगिक इकाइयों को कुल 4.11 करोड़ रुपये की अनुदान राशि के प्रकरण अनुशंसित किए गए। उल्लेखनीय है कि एमपी एमएसएमई प्रोत्साहन योजना अंतर्गत औद्योगिक इकाइयों को प्लांट एवं मशीनरी तथा भवन में किए गए निवेश पर 40 से 48 प्रतिशत तक उद्योग विकास अनुदान प्रदान किए जाने का प्रावधान है।

### कारीगरों को सहायता देने पीएम विश्वकर्मा योजना

**सागर।** पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता देने के लिये पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू की गई है। योजना में टूल किट खरीदने के लिये 15 हजार रूपये का अनुदान मिलेगा। साथ ही पहली बार में एक लाख और दूसरी बार में 2 लाख रूपये का सस्ता ऋण मिलेगा। प्रारंभिक प्रशिक्षण 5 से 7 दिन का और 15 दिन का एडवांस प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान 500 रूपये प्रतिदिन भत्ता भी मिलेगा। प्रशिक्षण के बाद सर्टिफिकेट भी मिलेगा। प्रशिक्षण के लिये हितग्राहियों के चयन की प्रक्रिया जारी है।

---

मोहन नगर वार्ड में आयोजित हुआ "आपकी महापौर आपके द्वार" एवं जनचौपाल का 8 वां शिविर

# शासन की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित एवं नागरिकों की समस्याएं निराकरण कराना मेरी प्राथमिकता: महापौर तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुँचाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा "आपकी महापौर आपके द्वार" एवं जनचौपाल का 8वां शिविर मोहन नगर वार्ड में आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित हुए एवं उन्होंने अपनी समस्याएँ संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखीं। शिविर में संपत्तिकर, जलकर, स्ट्रीट लाइट, साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन शुल्क, आवास योजना सहित शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा कई पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया पूर्ण की गई।

इस अवसर पर महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि नगर निगम द्वारा नागरिकों की बुनियादी समस्याओं के समाधान हेतु सभी वार्डों में नियमित रूप से आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचौपाल शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिविरों के माध्यम से गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों को अपने वार्ड में ही एक स्थान पर स्ट्रीट लाइट, साफ-सफाई, आवास योजना, संपत्तिकर, जलकर, कचरा प्रबंधन शुल्क,शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने आदि से संबंधित समस्याओं का समाधान मिल रहा है, जिससे उन्हें बार-बार नगर निगम के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। महापौर ने कहा कि शिविर के दौरान जो भी आवेदन प्रस्तुत किए जा रहे हैं उनकी समीक्षा उपरांत समय सीमा में निराकरण हेतु कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार की सोच है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग के पात्र व्यक्तियों तक पहुँचे तथा नागरिकों को अपनी समस्याओं के लिए बेवजह परेशान न होना पड़े, इसी उद्देश्य से महापौर द्वारा प्रत्येक वार्ड में जनचौपाल एवं शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह गए पात्र नागरिकों को योजनाओं से जोड़ा जा सके एवं नागरिकों की समस्याओं का समय-सीमा में निराकरण हो सके।

एम.आई.सी. सदस्य शैलेन्द्र ठाकुर ने कहा कि महापौर द्वारा नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु "आपकी महापौर आपके द्वार" एवं जनचौपाल शिविर का आयोजन जनसेवा के लिए महापौर की संवेदनशीलता है। पहली बार नगर सरकार द्वारा सभी वार्डों में नागरिकों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा रहा है और शिविर में नागरिकों द्वारा जो आवेदन प्रस्तुत किए जा रहे हैं उनकी समीक्षा कर संबंधित शाखा द्वारा समय सीमा में कार्रवाई कराई जा रही है। इस पहल के बहुत ही सकारात्मक परिणाम देखने मिल रहे हैं।

### महापौर ने आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया

महापौर द्वारा शिविर के दौरान मोहन नगर वार्ड का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था देखी और आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर शासन की योजनाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने वार्ड की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और सफाई व्यवस्था अच्छी होने पर सफाई दरोगा प्रकाश मिश्रा का स्वागत कर उत्साह वर्धन किया। महापौर ने वार्ड के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जो नल कनेक्शन खुले हुए हैं उनमें टोंटी लगाएं जिससे पानी का अपव्यय न हो।

इस अवसर पर एमआईसी. सदस्य शैलेन्द्र ठाकुर, राजकुमार पटेल, पार्षद प्रतिनिधि शैलेष जैन, पार्षद अशोक साहू, संकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष रिशांक तिवारी, रामस्वरूप मासाब, रज्जू ताम्रकार, महेश सेन, गणेश साहू, राजू कक्का, मनोज सेन, अरुण साहू, उपायुक्त एस.एस. बघेल, सहायक यंत्री संजय तिवारी, राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी, नीता श्रीवास्तव, उपयंत्री आसिमा तिर्की, मुन्नालाल रैकवार, जया श्रीवास्तव, राजेश नापित, दिनेश कन्नोजिया, यशवंत कोष्टी, कल्पना श्रीवास्तव सहित नगर निगम के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

---



### शराब दुकान हटाने एवं वार्ड की समस्याओं को लेकर जनता के साथ कांग्रेस बैठी धरने पर

**सागर।** जनता की पीड़ा को लेकर क्षेत्रवासियों के साथ कांग्रेस नेत्री मीना पवन पटेल के नेतृत्व में धरने का आयोजन किया गया इसमें शराब दुकान हटाने व सड़क नाली और पानी की समस्या दूर करने की मांग की गई। धरने में मुख्य रूप से उपस्थित जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि लाडली बहना की आड़ में गली मोहल्ले में शराब पड़ोसी जा रही है। जिससे महिलाओं तक का निकलना दूभर है जो शराब दुकान महिलाओं को पीड़ा दे रही है उस दुकान को हटाने की तत्काल कार्रवाई की जावे। पूरी शहर कांग्रेस जनता के साथ है महेश जाटव ने जन प्रतिनिधियों पर भी कटाक्ष किया और कहाँ कि जनता को मुंगेरी लाल की तरह वह सपने ना दिखा कर उनकी पीड़ा जानने पब्लिक में पहुंचे नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह बब्बू यादव ने कहा कि हम सभी पार्षद पीड़ित हो रही है । नगर निगम नरक निगम बन गई है नगर की सुनने वाला कोई नहीं हैं जनता की सुनवाई नहीं हो रही है। धरने की आयोजक मीना पवन पटेल ने कहा की महिलाओं को कमजोर ना समझे हमारे आवेदन निवेदन को गंभीरता से नहीं लिया गया तो आगे अब सभी महिलाएं उग्र रूप धारण करेंगी एवं जन प्रतिनिधियों को अब आंखों के चश्मे का नंबर बदलवा लेना चाहिए उन्हें जनता की पीड़ा दिखाई नहीं दे रही है। इसलिए आज तिली और बाघराज वार्ड की समस्याओं को लेकर जनता को रोष के साथ आज धरना पर बैठना पड़ रहा है। मीना पटेल उन्नाव में भाजपा नेता द्वारा एक नाबालिक से हुई दुष्कर्म को लेकर भी भाजपा पर जमकर बरसी धरने का संचालक पवन पटेल एवं आभार अमित चौरसिया ने माना । धरने को पूर्व सांसद आनंद अहिरवार, शिव शंकर गुड्डू यादव, पार्षद रोशनी वसीम खान, नीलोफर चमन अंसारी, पार्षद ताहिर खान , रेखा सोनी, रिचा सिंह, और शरद पुरोहित, ने संबोधित किया।

---



### 60 से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर लगाया गया रेडियम की पट्टी, अभियान लगातार जारी रहेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर संदीप जी. आर. के द्वारा सड़क सुरक्षा के संबंध में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन 2 जनवरी को किया जाना है, जिसमें सड़क सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए जाएंगे एवं समस्त ग्रामों सहित अन्य जगह ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम की पट्टी लगाने का कार्य किया जाएगा। कलेक्टर के निर्देश के तत्काल पश्चात क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज तेगुरिया के द्वारा कार्रवाई करते हुए आज मंडी चौराहे से लेकर खुरई रोड पर 60 से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम की पट्टी लगाई गई एवं ट्रैक्टर-ट्रॉली संचालकों तथा उनके ड्राइवरों को आवश्यक जानकारी दी गई।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज तेगुरिया ने बताया कि कलेक्टर संदीप जी. आर. के द्वारा जिले के व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए 2 जनवरी को समस्त ग्रामों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाना है, जिसमें समस्त ग्रामवासियों एवं जिलेवासियों को आवश्यक जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इसी परिप्रेक्ष्य में आज सागर कृषि मंडी चौराहे पर 60 से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम लगाने की कार्रवाई की गई।

प्रजापति समाज के अध्यक्ष ने भी समर्थन करते हुए कहा कि कलेक्टर संदीप जी. आर. की यह अभिनव पहल सागर जिले के लिए वरदान साबित होगी। उन्होंने कहा कि इस अभियान से दुर्घटनाएँ रुकेंगी और व्यक्ति सुरक्षित रहेगा। जिला क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज तेगुरिया ने ट्रैक्टर-ट्रॉली संचालकों से कहा कि अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉलियाँ यातायात के नियमों के अनुसार ही संचालित करें तथा खराब होने की स्थिति में उन्हें सड़क के साइड में खड़ा करें। सभी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम लगवाएँ और अन्य ट्रैक्टर-ट्रॉली संचालकों को भी लगाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि यदि ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लोहे की रॉड लेकर जाते हैं, तो उसके लिए अलग से सुरक्षा के प्रबंध किए जाएँ।

---

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों को लेकर निगमायुक्त ने ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों को लेकर स्वच्छता अधिकारी राजेश सिंह राजपूत, स्वच्छता निरीक्षकों,जोन प्रभारियों एवं नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों के सफाई दरोगाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 हेतु शासन द्वारा जारी नवीन टूल किट के बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। तथा नवीन टूल किट के अनुरूप नगर निगम की कार्ययोजना को सुदृढ़ बनाते हुए स्वच्छता के सभी मानकों पर बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, स्रोत पर कचरे का पृथक्करण, सार्वजनिक स्थलों की नियमित सफाई, खुले में कचरा फेंकने एवं ओपन यूरेनेशन पर सख्त नियंत्रण, कचरा प्रसंस्करण केंद्रों की निगरानी, नागरिक सहभागिता तथा स्वच्छता से संबंधित शिकायतों के समयबद्ध निराकरण को प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि गत वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता में सागर नगर निगम ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिक सहभागिता के सामूहिक प्रयास से पूरे देश में 10 वीं रैंक प्राप्त कर नगर का नाम गौरवान्वित किया था। इस उपलब्धि को बनाए रखने के साथ-साथ इस वर्ष और बेहतर रैंक प्राप्त करने के लिए सभी को अधिक समर्पण, अनुशासन और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना होगा।निगमायुक्त ने सभी जोन प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने जोन अंतर्गत आने वाले वार्डों में नियमित निरीक्षण करें, सफाई कार्य की गुणवत्ता पर सतत निगरानी रखें तथा कहीं भी लापरवाही पाए जाने पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक कर्मचारी को जो भी दायित्व सौंपा जाए, उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी एवं मेहनत से किया जाए, तभी स्वच्छ सर्वेक्षण में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। बैठक में पूर्व सफाई कर्मचारी नेता स्वर्गीय श्री रामदास वैद्य के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। निगमायुक्त ने कहा कि स्व. वैद्य ने लंबे समय तक सफाई कर्मचारियों के हितों के लिए कार्य किया तथा उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा

### अतिरिक्त संचालक डॉ नीरज दुबे ने किया परीक्षाओं का निरीक्षण

**सागर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर में स्नातकोत्तर पूरक की परीक्षा का निरीक्षण अति संचालक डॉ नीरज दुबे एवं ओएसडी रामकुमार गोस्वामी द्वारा किया गया। महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर की एम बीए तृतीय सेमेस्टर की पूरक परीक्षा में निरीक्षण करते हुए अति संचालक डॉ नीरज दुबे ने विद्यार्थियों को समझाइश दी की परीक्षा में अवांछित सामग्री लाना भी नकल प्रकरण बनाने के लिए पर्याप्त आधार है तथा किसी भी प्रकार की नकल करने पर आपको संपूर्ण वर्ष के लिए परीक्षा से बाहर कर दिया जाएगा । आरके गोस्वामी ओएसडी ने विद्यार्थियों के द्वारा दी जा रही परीक्षा एवं व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया।

---



### मनोज तिवारी ने साहिल और साजिद खान को जन्म प्रमाण पत्र एवं आधारकार्ड बनवाकर दिए

**गढाकोटा।** नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने कहा कि हम जब अपने कार्यक्षेत्र में भ्रमण करते हैं तो अनेक लोगों एवं बच्चों से मिलना होता है। कुछ दिन पूर्व मैं तिलक वार्ड के ऐसे दो बच्चों से मिला जिनके पिताजी का देहांत हो गया है। और वो बहुत गरीब परिवार में निवास करते हैं एवं अपनी रोजी रोटी कमाने के लिए इतनी कम उम्र में दोनों बच्चे कबाड़े का काम करते थे। एक बच्चा 8 वर्ष का है तो एक 13 वर्ष का जो अब तक अपनी स्कूली शिक्षा से पूर्णतः वंचित थे जब मैने इन दोनों बच्चों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया तो दोनों बच्चों में पढ़ाई के प्रति लगन ने हमें यह कार्य करने के लिए प्रेरित किया। गढाकोटा के तिलक वार्ड में पहुंचकर बेटा साहिल और साजिद खान को उनके जन्म प्रमाण पत्र एवं आधारकार्ड बनवाकर दिए जिससे वो अब स्कूल में दाखिला लेकर अपनी शिक्षा प्राप्त कर सकेगें।



### निगम अध्यक्ष ने सफाई संरक्षक के सेवानिवृत्त होने पर किया सम्मान

**सागर।** नगर निगम स्वास्थ्य विभाग में सफाई संरक्षक के पद पर कार्यरत लक्ष्मी करोसिया के सेवानिवृत्त होने पर नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। निगम अध्यक्ष एवं कर्मचारी कल्याण मोर्चा अध्यक्ष ने लक्ष्मी करोसिया को पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया तथा प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने कहा कि लक्ष्मी करोसिया ने अपने सेवाकाल के दौरान नगर निगम की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम ऐसे कर्मठ एवं ईमानदार कर्मचारियों के सेवाभाव को सदैव स्मरण रखेगा। कर्मचारी कल्याण मोर्चा अध्यक्ष हरेंद्र खटीक ने भी उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनका समर्पण आने वाली पीढ़ी के कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। समारोह में रीतेश अग्रवाल, राजेंद्र सनकत सहित नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

स्वदेशी मेला में दिखी मराठी व्यंजन एवं संस्कृति की झलक : कपिल मलैया

# मेला में म्यूजिक बैंड, नृत्य, मराठी डांस, आर्केस्ट्रा, तबला वादन की प्रस्तुति एवं बच्चों को मोबाइल से दूर रहने वाली मूवी दिखाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन के माध्यम से स्वदेशी मेला में नौवे दिन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रांत मेला प्रमुख नितिन पटैरिया, सांस्कृतिक प्रभारी सुष्मिता ठाकुर ने बताया कि मेले में बुधवार को डीपीएस पब्लिक स्कूल मकरोनिया के बच्चों द्वारा म्यूजिक बैंड एवं नृत्य की प्रस्तुति, रानी दुर्गावती स्कूल के बच्चों द्वारा नृत्य, वात्सल्य स्कूल के बच्चों द्वारा मराठी डांस, किड्स एकेडमी स्कूल के बच्चों द्वारा आर्केस्ट्रा, अरजीत मिश्रा द्वारा तबला वादन की प्रस्तुति माखन सिंह लोधी द्वारा निर्मित बच्चों को मोबाइल से दूर रहने वाली मूवी दिखाई गई।

स्वदेशी जागरण मंच के महाकौशल प्रांत संयोजक कपिल मलैया ने बताया कि महाराष्ट्रीयन समाज के लोगों ने दो दिवसीय महाराष्ट्र के व्यंजन का काउंटर लगाया है जो मेला का आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। उन्होंने कहा कि मेला इस समय अपने चरम पर है। स्वदेशी मेले में हर तरफ भारतीयता की झलक दिखाई दे रही है। यहां के हर स्टॉल पर देशी उत्पादों की खासियत नजर आती है। कपड़ों से लेकर घरेलू सजावट, मिट्टी के बर्तन, खादी के कपड़े, जैविक खाद्य पदार्थ और आयुर्वेदिक उत्पादों तक, हर चीज भारतीय कारीगरी और स्वदेशी तकनीकों का बेहतरीन नमूना पेश कर रहे है।

विभाग प्रशिक्षक रविन्द्र ठाकुर ने बताया कि मेले के सांस्कृतिक मंच पर हर दिन अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। लोकनृत्य, संगीत, भजन ने मेले में चार चांद लगा दिए हैं। बच्चों के लिए भी कला और क्राफ्ट प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

मेला संयोजिका दीप्ति चंदेरिया, स्वदेशी जागरण मंच के विभाग विचार प्रमुख राजकुमार नामदेव, जिला संयोजक सौरभ रांधेलिया, मेला व्यवस्थापक विनय मलैया, राजेश मनवानी, राहुल अहिरवार आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

ऐजेन्सी देना है। हरिभूमि
सागर जिले में एजेन्सी देना है।
बंड़ा, गढाकोटा, गौरझमर, ढाना, केसली, देवरी, शाहगढ़, खुरई, हीरापुर, जैसीनगर, मालथौन, राहतगढ़, बांदरी, नरयावली, रेहली, जरूआखेड़ा
पता :- हरिभूमि कार्यालय 4 फ्लोर, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल
मो.: 8770833858, 9827743042

## खबर संक्षेप



### मजदूरी करके लौटे युवक से मारपीट

**ललितपुर।** पुराना मवेशी बाजार निवासी अंतिम पुत्र नाथूराम रैकवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 25 दिसम्बर की रात करीब 8.30 बजे वह मजदूरी कर घर लौट रहा था। तभी मोहल्ले के नीतेश सिंह यादव पुत्र कल्लू यादव शराब के नशे में आया और उधार रुपयों की मांग करने लगा। मना करने पर नीतेश सिंह ने गालियां देते हुये लात-घूसों से मारपीट करने लगा, जिससे वह घायल हो गया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### खेत में पानी लगा रहे युवक को पीटा

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम जरावली निवासी प्रमोद पुत्र रगवर राजपूत ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते रविवार को वह अपने खेत में साइफन द्वारा पानी लगा रहा था। तभी गांव के नरेश पुत्र ध्यानी राजपूत, उनके चाचा का पुत्र सूरज उर्फ चुनमुन पुत्र ऊदल राजपूत ने उसका साइफन खींच दिया, जब वह साइफन लगाने गया तो उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मारपीट कर धमकाने का आरोप, केस दर्ज

**ललितपुर।** खेत पर जा रहे थाना मडावरा के ग्राम पिपरट निवासी रामकिशन पुत्र गुलझार सिंह लोधी का आरोप है कि शाम करीब 7.30 बजे रास्ते में गांव के छोटू पुत्र धोकल लोधी, धोकल पुत्र भगुन सिंह व महेन्द्र पुत्र सोन सिंह ने उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### हदबंदीशुदा जमीन पर कब्जा करने का प्रयास

**ललितपुर।** कायस्थपुरा महरौनी में रहने वाले अधिवक्ता कुलदीप खरे पुत्र पन्नालाल ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि वह अपनी भूमिधरि आराजी नं. 238, 239 जो कि कायस्थपुरा में स्थित है की नाप प्रारम्भिक हदबंदी के बाद 19 दिसम्बर को सुबह करीब 8 बजे पड़ौस के जग्गू, सुरेन्द्र व दीपक पुत्रगण भगवानदास व उनकी मां राजबाई उक्त हदबंदीशुदा जमीन पर कब्जा करने का प्रयास करने लगे। जब उन्होंने अन्य लोगों के साथ उन्हें रोका तो उक्त लोगों ने गालियां दीं और मना करने पर उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी देते हुये ट्रक के नीचे कुचल देने की धमकी दी। आरोप है कि उक्त लोग आपराधिक प्रवृत्ति के लोग हैं और उनके विरूद्ध कई आपराधिक मुकद्दमें चल रहे हैं। पुलिस ने अधिवक्ता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### जनपदवासियों को दिलाया भरोसा, बिना बाधा के तेजी से घूमेगा विकास का रथ

# संवेदनशील नेतृत्व से ललितपुर विकास को दिशा देते जिलाधिकारी सत्य प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



- चौमुखी विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर होगा ललितपुर
- नये साल में मिलेगा शहरवासियों को शहर की लाइफ लाइन कही जानी वाली मुख्य सड़क का चौढ़ीकरण व सौन्दर्यीकरण का उपहार
- डीएम ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से शहर के विकास हेतु आर्मी की जमीन को खरीदने के लिए आवास विकास बोर्ड से प्रस्ताव कराया पारित

बुन्देलखण्ड का एक एतिहासिक, किन्तु विकास की दौड़ में लम्बे समय तक पिछड़ा रहा जनपद ललितपुर, सीमित संसाधन, कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और वर्षों से चली आ रही व्यवस्थागत चुनौतियां, शिक्षा, स्वास्थ्य और यातायात जैसी समस्याओं से जूझता रहा है, इन सब के बीच 28 अक्टूबर 2025 को जब नवागंतुक जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने जनपद का कार्यभार ग्रहण किया, तब आमजन के मन में एक नई उम्मीद ने जन्म लिया। वर्ष 2025 के समापन की ओर बढ़ते हुए भले ही उनका कार्यकाल अभी केवल दो माह का ही रहा हो, किन्तु इस अल्प अवधि में उनके निर्णयों, संवेदनशीलता और सक्रियता ने जनपद में सकारात्मक परिवर्तन एवं शहरी व ग्रामीण विकास की मजबूत नीव रख दी है। इससे यह सिद्ध होता है कि यदि प्रशासन संवेदनशील, प्रतिबद्ध और नवाचारशील हो तो परिवर्तन की शुरुआत सम्भव है।

### शिक्षा, स्वास्थ्य व कानून व्यवस्था को सुधारने पर विशेष फोकस

जनपद के भविष्य को मजबूत बनाने के लिए जिलाधिकारी ने शिक्षा व्यवस्था व कानून को प्राथमिकता में रखा, उन्होंने विद्यालयों का निरीक्षण कर शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए अभिनव प्रयासों को बढ़ावा दिया, इसी दौरान यह तथ्य सामने आया कि शासन स्तर पर छात्रवृत्ति पोर्टल की समयसीमा समाप्त होने के कारण जनपद के 8 हजार से अधिक विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित हो रहे हैं, इस गंभीर स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी ने सभी माध्यमिक विद्यालयों एवं डिग्री कॉलेजों के प्रचार्यों के साथ बैठक कर सख्त रुख अपनाया। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर छात्रवृत्ति आवेदनों का अग्रसारण नहीं किया गया तो सम्बंधित कॉलेज के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। साथ ही उन्होंने शासन से पत्राचार कर छात्रवृत्ति पोर्टल पुनः खुलवाया जिससे हजारों विद्यार्थियों को समय पर छात्रवृत्ति का लाभ मिल सकेगा, जो ललितपुर जैसे आर्थिक व शैक्षिक रूप से कमजोर जनपद के विद्यार्थियों के लिए बहुत महत्व रखता है।

### स्वास्थ्य सेवाओं को मिली नई मजबूती

स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने जिला अस्पताल एवं स्वास्थ्य केन्द्रों का कई बार निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ कराया। जिला अस्पताल में संचालित मेडिकल कॉलेज को नवीन भवन अमरपुर स्थानान्तरित करा कर विधिवत क्रियाशील कराया गया, जिससे मरीजों और मेडिकल छात्रों, दोनों को बेहतर सुविधाएं मिलने लगीं। मेडिकल स्टाफ और आवश्यक उपकरणों की कमी को दूर करने के लिए शासन से पत्राचार कर स्टाफ की संख्या में वृद्धि सुनिश्चित करायी गई, इसके साथ ही आयुष्मान भारत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ग्रामवार सूची मंगवाकर ग्राम पंचायत अधिकारियों के माध्यम से पात्र लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनवाने का अभिनव प्रयास प्रारंभ कराया गया, ताकि कोई भी जरुरतमंद स्वास्थ्य सुरक्षा से वंचित न रहे।

### विद्युत बिल के उपभोक्ताओं को एक मुश्त समाधान योजना से राहत

जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने शासन की एकमुश्त समाधान योजना ह्यह्यओटीएस को जनपद में व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ प्रभावी रुप से लागू कराया, इस योजना के अंतर्गत 3929 उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की गई है, वहीं 1.80 करोड़ रुपए की धनराशि सरकार के खजाने में जमा करायी गई है। यह उपलब्धी प्रशासनिक दक्षता के साथ-साथ राजस्व वृद्धि का भी महत्वपूर्ण उदाहरण बनी।

### ग्रामीण विकास को मिली नई दिशा

ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को गति देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने नवाचारपूर्ण पहल करते हुए जनपद के प्रत्येक ग्राम पंचायत में राज्य वित्त एवं 15वां वित्त की धनराशि से कम से कम पांच-पांच बड़े विकास कार्य कराने की ठोस रुपरेखा तैयार करने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिये, इससे ग्राम स्तर पर योजनाबद्ध और टिकाऊ विकास को बढ़ावा मिलेगा। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को केवल कागजों पर सीमित नहीं रखना चाहते, वे लगातार समीक्षा बैठकों और फील्ड निरीक्षणों के माध्यम से यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि सरकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे।

### विकास की धड़कन पर प्रशासन की नब्ज

नगर की धड़कन कहे जाने वाले आजादचौक-कैलगुवा मार्ग पर शहजाद नदी पर बन रहे पुल के कारण आमजन को हो रही भारी असुविधा को जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने केवल प्रशासनिक रिपोर्ट तक सीमित नहीं रखा, वे स्वयं धूल और दुश्वारियों के बीच मौके पर पहुंचे और लोगों से संवाद कर उनकी पीढ़ा को समझा। उन्होंने राज्य सेतु निगम के अधिकारियों को मौक पर ही स्पष्ट निर्देश दिये कि स्कूल जाने वाले बच्चों, दोपहिया चालकों और छोटे वाहनों के लिए सुरक्षित वैकल्पिक मार्ग तत्काल बनाया जाए, जिससे आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने यह भी दो टूक कहा कि विकास का अर्थ केवल कन्क्रीट का ढांचा खड़ा करना नहीं, बल्कि जनता के जीवन को सुगम बनाना है। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता और समयसीमा से किसी भी प्रकार के समझौते को सिरे से नकारते हुए यह स्पष्ट किया कि पुल निर्माण की निगरानी वे स्वयं करेंगे। उनके इस त्वरित और संवेदनशील एक्शन से शहरवासियों में विश्वास का संचार हुआ और लोगों की आंख में नई उम्मीद दिखायी देने लगी।

### जनता के भरोसे की बुनियाद

अल्प कार्यकाल में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने यह साबित कर दिया कि संवेदनशील नेतृत्व, सख्त प्रशासनिक निर्णय और नवाचार के समन्वय से किसी भी जनपद की तश्वीर बदली जा सकती है, आज ललितपुर की जनता उनके नेतृत्व में विकास को महसूस कर रही है और भविष्य को लेकर आश्वस्त भी है। यही उनके कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धी मानी जा रही है। डीएम ने नये साल के विकास का अभी से खींचा खाका, नये साल में शहर का मुख्य मार्ग स्टेशन से आजादचौक तक का होगा चौढ़ीकरण व सौन्दर्यीकरण, वहीं ग्रामीण क्षेत्र के 2 हजार मजरों को मुख्य मार्ग से जोड़ने का काम होगा जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने नये साल 2026 के विकास का खाका अभी से खींच लिया है, शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ कर शहर का सौन्दीर्यकरण करने के लिए अपनी प्रशासनिक टीम के साथ भ्रमण कर नये वर्ष के लिए रोडमैप तैयार किया, जिसके अंतर्गत सबसे पहले शहर की लाइफ लाइन कही जाने रेलवे स्टेशन से आजादचौक तक प्रमुख सड़क अतिक्रमण हटवाकर दोनो साइट 1-1 मीटर तक चौड़ीकरण के साथ डिवाइडर व लाईटिंग लगाकर सौन्दर्यीकरण का कार्य नये साल में शहरवासियों को देखने को मिलेगा। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने आगे शहर की दूसरी मुख्य सड़क शहर को जोड़ने वाले कैलगुवां मार्ग एवं शहजाद नदी पर बन रहे ऑवरब्रिज से आजादचौक को जोडने वाली शहर की तीसरी प्रमुख सड़क का सुदृढ़ीकरण और सौन्दर्यीकरण की योजना तैयार की है। वहीं जिलाधिकारी जनपद के सुदूर गांवों की पगडंडियों से होकर निकले वाले ग्रामीणों को बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने नये साल की पहली तारीख से सौ-दो सौ नहीं बल्कि ग्राम पंचायतों के 2 हजार मजरों को मुख्य मार्ग से जोड़ने का काम शुरु कराने की कार्ययोजना बनायी है। जिलाधिकारी के आदेश पर जनपद के समस्त विकास खण्डों में अभी से सर्वे का कार्य शुरु हो गया है, मरजों को मुख्य मार्ग से जोड़ने का काम मनरेगा व राज्य वित्त के माध्यम से कराया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा जनपद की कमान संभालने के बाद से प्रभावी जनसुनवाई के साथ ही जनपद के विकास को लेकर लगातार प्रयास किये जा रहे हैं, जनपद के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी कई कार्ययोजनाओं पर काम कर रहे हैं। इनमें से एक कार्ययोजना मजरों को मुख्य मार्ग से जोड़ने की भी है। जिलाधिकारी द्वारा मजरों को मुख्य मार्ग से जोड़ने के अभिनव प्रयोग से ग्राम पंचायतों की मनमानी पर भी लगाम लगेगी। अब तक ग्राम पंचायतें मनमाने ढंग से कार्ययोजना बनाती थीं, जिससे कार्य तो होते थे, लेकिन जनपद में बैठे अफसरों की निगरानी से दूर रह जाते थे, लेकिन अब जिलाधिकारी स्वयं ही कार्य की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। लिहाजा मनमानी होने की संभावनाएं नगण्य हो जायेंगी।

### किसानों के हित में बड़ा आर्थिक निर्णय

*कृषि प्रधान जनपद ललितपुर में मूंगफली उत्पादन किसानों की आय का प्रमुख श्रोत है। जनपद के विभिन्न क्रय केन्द्रों पर मूंगफली बेचकर भुगतान की उम्मीद लगाये बैठे किसानों के लिए जिलाधिकारी ने एक बड़ा और राहत भरा कदम उठाया है, उन्होंने शासन स्तर पर विशेष प्रयास कर मूंगफली खरीद भुगतान हेतु 10 करोड़ रुपए की धनराशि जनपद के लिए स्वीकृत करायी है। इस धनराशि के माध्यम से किसानों को समय पर भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित की गई, जिससे हजारों किसानों को आर्थिक संवल मिला। किसानों ने जिलाधिकारी के इस प्रयास को अपने हितों के प्रति संवेदनशील और दूरदर्शी निर्णय बताया।*

### ससुरालियों ने नवविवाहिता को किया प्रताड़ित

## दहेज में एक लाख रुपए व मोटर साइकिल की डिमांड

**ललितपुर।** नगर क्षेत्रांतर्गत ग्राम लकडय़ापुरा में रहने वाली निकिता सैनी पुत्री पुरुषोत्तम सेन ने एसपी को एक शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसकी शादी 22 अप्रैल 2024 को हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार ग्राम सिवनीखुर्द निवासी सौरभ सेन पुत्र रामपाल सेन के साथ राजघाट रोड स्थित कुशवाहा मैरिज गार्डन में सम्पन्न हुयी थी। शादी में उसके पिता ने हैसीयत अनुसार 51 हजार रुपये नकद, घर-गृहस्थी का सामान में सोफा, पलंग, अलमारी, ड्रेसिंग टेबिल, कूलर, फ्रिज, कपड़े और सोने की अंगूठी ससुरालियों को दी थी। शादी के बाद से ससुराली मिले हुये दान-दहेज से खुश नहीं थे, तभी से एक लाख रुपये व मोटर साइकिल की मांग की गयी। जब माता-पिता ने अतिरिक्त दहेज देने में असमर्थता व्यक्त की तो ससुराली नाराज हो गये और किसी प्रकार उसकी विदा हो सकी। निकिता ने बताया कि वह ससुराल पहुंची तो उसे दो माह बाद ही शारीरिक व मानसिक यातनाएं दीं गयीं और गालियां देते हुये मारपीट की गयी। जब वह पढ़ाई के लिए पति से कहती तो पति द्वारा गालियां देकर मारपीट कर दी जाती थी। जब वह कमरे में होती थी तो सास-ससुर द्वारा ताकाझांकी की गयी। आरोप है कि 8 नवम्बर 2025 को अपराह्न 12 बजे पति सौरभ सेन, सास रामदेवी, ससुर रामपाल, नन्द चंदेरी निवासी लक्ष्मी पत्नी मनकू, आजादपुरा निवासी मामा ससुर सुखचन्द्र पुत्र मुन्ना सेन, सिलगन निवासी मौसिया ससुर ओमप्रकाश सेन ने एकराय होकर अतिरिक्त दहेज की मांग की, जिस पर उसने माता-पिता की गरीबी का हवाला दिया तो उसे जेवरात छीनकर घर से भगा दिया गया और बिना दहेज के लौटने पर जान से मारने की धमकी दी गयी। यह भी आरोप है कि उसके पति द्वारा मोबाइल पर अभद्र और गन्दे मैसेज भेजकर उसे बदनाम किया जा रहा है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर ससुरालियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 85, 352, 115 (2), 351 (3) व दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## संतान ना होने पर दूसरी महिला से शादी करने का लगाया आरोप

### महिला ने विधायक को सौंपा पत्र

**ललितपुर।** पति के द्वारा चोरी छिपे दूसरी शादी करने का आरोप लगाते हुये महिला ने एक शिकायती पत्र सदर विधायक रामरतन कुशवाहा को सौंपा है। विधायक ने मामले में एसपी को निर्देशित करते हुये नियमानुसार जांच कराकर कार्यवाही किये जाने के लिए निर्देशित किया है। थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम राखपंचमपुर निवासी सुमन नाम की महिला ने दिये पत्र में बताया कि उसकी शादी 24 वर्ष पहले हरचरन से हुयी थी। शादी के बाद उसे बच्चे पैदा नहीं हुये। इसलिए पति द्वारा कई बार मारपीट की गयी और एक साल पहले पति ने उसे घर से जान से मारने की धमकी देते हुये निकाल दिया। तब से पीड़िता एक किराए के मकान में निवासरत है। पीड़िता ने बताया कि उसने न्यायालय में घरेलू हिंसा का वाद दायर किया था, जिसमें 5 फरवरी 2026 की तारीख नियत है। पीड़िता का आरोप है कि 9 दिसम्बर को ग्राम खिरिया भारन्जू के लोगों ने बताया कि उसके पति ने दूसरी शादी कर ली है। पीड़िता ने मांग उठायी कि उसके पति को जल्द हिरासत में लिया जाये और कार्यवाही किये जाने की मांग उठाई है।

**जांच कर कार्यवाही की मांग**

## लहान किया नष्ट, तीन हिरासत में पुलिस ने कच्ची शराब विरुद्ध चलाया अभियान, तीन सौ लीटर की बरामद



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के नेतृत्व में जिले में अवैध शराब/मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली पुलिस ने ग्राम मऊमाफी कबूतरा डेरा में दबिश के दौरान 300 लीटर नाजायज कच्ची शराब बरामद कर, मौके पर करीब 5000 लीटर लहन नष्ट कर, 03 अभियुक्ताओं में मऊमाफी निवासी काजल पत्नी अंकेश, प्रियंका पत्नी कल्लू व अंजली पत्नी उमे को हिरासत में लिया गया। इस दौरान सीओ सदर अजय कुमार, प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी, सदर चौकी प्रभारी उ.नि.प्रशान्त राणा, गोविन्द सागर बांध चौकी प्रभारी म.उ.नि. सीमा प्रजापति आदि शामिल रहे। वहीं थाना पूराकलां पुलिस ने ग्राम उगरपुर कबूतरा डेरा में दबिश के दौरान 100 लीटर नाजायज कच्ची शराब बरामद कर मौके पर करीब 1800 लीटर लहन नष्ट कर, 01 अभियुक्ता को नियमानुसार गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही गई। इस दौरान पुलिस ने उगरपुर निवासी क्रान्ति पत्नी दिनेश को हिरासत में लियाहै। कार्यवाही के दौरान सीओ तालबेहट रक्षपाल सिंह, प्रभारी निरीक्षक रमेशचन्द्र, निरीक्षक सत्य प्रकाश, चौकी प्रभारी नत्थीखेड़ा उ.नि.मनीष कुमार शुक्ला, म.कां.गोमती आदि मौजूद रहे।

### पत्नी को भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर।** थाना सौजना अंतर्गत एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीती 30 अप्रैल 2025 को सुबह 10 बजे उसकी पत्नी बिना बताये घर से मोबाइल लेकर चली गयी थी, जिसकी गुमशुदगी उसने थाना सौजना में 1 मई 2025 को दर्ज करायी थी। काफी खोजबीन के बाद उसे जानकारी हुयी कि मध्य प्रदेश के जिला छतरपुर अंतर्गत थाना विजावर के ग्राम भरगुवां निवासी हरीशंकर राय पुत्र सुखलाल उसकी पत्नी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिसने हरीशंकर राय के खिलाफ बीएनएस की धारा 87 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट अंतर्गत ग्राम जमालपुर में रहने वाले आशाराम पुत्र रमू वंशकार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 28 दिसम्बर को रात करीब 8 बजे उसका नाती शिवम पुत्र मुकेश वंशकार एवं भांजा थाना बार के ग्राम चिगलौआ बुरौगांव निवासी सचिन कुमार पुत्र किलकोटी वंशकार अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 जेड 0187 से बांसी बाजार करके अपने घर जमालपुर अपनी साइड से आ रहे थे। उसी बीच माता मंदिर असऊपुरा पुलिया के पास चार पहिया गाड़ी नं. यू.पी.94 वाई 5099 के चालक तालबेहट के वनगुवांकलां निवासी राजपाल सिंह पुत्र नारायण सिंह बुन्देला ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुये उसके नाती की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके भांजे सचिन कुमार की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि उसका नाती शिवम गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे एम्ब्युलेंस के जरिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## बड़ी नहर पुल निर्माण का जिलाधिकारी और विधायक ने एक साथ लिया जायजा

### धीमी प्रगति देख डीएम हुए पीडब्ल्यूडी अफसर पर नाराज

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के साथ शहर से निकली बड़ी नहर के पुल के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर चल रहे कार्य का जायजा लिया और जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये। बताया कि कई माध्यमों से पुल निर्माण के कारण आमजन को आवागमन में हो रही परेशानियों की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। लोक निर्माण विभाग द्वारा कराये जाने रहे इस कार्य की धीमी प्रगति से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए मौके पर उपस्थित लोक निर्माण विभाग अधिशासी अभियंता को निर्देश दिये कि 10 दिनों के भीतर पुल निर्माण के कार्य में तेजी लाते हुए स्लैव डलवाने का कार्य पूर्ण करायें और आवागमन की व्यवस्था करें। इस दौरान सदर विधायक ने भी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जनवरी माह के भीतर ही आवागमन सुचारु कराने की व्यवस्था करें,



आम जनता को आवागमन में परेशानी नहीं होनी चाहिए, इसके अलावा पुल के कार्य को पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करायें। अधिशासी अभियंता लो.नि.वि. ने बताया कि यह कार्य मार्च 2025 में प्रारंभ किया गया था, जो 85 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है।



## झांसी रेलवे स्टेशन के ऐतिहासिक भवन को तोड़ने का किया विरोध

### रेल मंत्री को ज्ञापन भेजकर उठाई कार्रवाई की मांग

**ललितपुर।** पुरातत्व एवं ऐतहासिक धरोहर झांसी रेलवे स्टेशन को तोड़े जाने के खिलाफ इण्टैक ललितपुर चैप्टर बुंदेलखण्ड नागरिक मोर्चा बुंदेलखण्ड विकास सेना एवं प्रेस क्लब ललितपुर ने रेल मंत्री भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। उन्होंने मांग है कि सन 1889 में निर्मित झांसी रेलवे स्टेशन मात्र आवागमन का केन्द्र नहीं वरन प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का साक्षी, स्वतंत्रता सेनानियों की गतिविधियों का प्रमुख केन्द्र रहा है। पुरातात्विक वास्तु एवं कलात्मक दृष्टिकोण से भी यह इमारत बहुमूल्य है तथा झांसी की गौरवशाली पहचान दिलाने में यह आज भी अग्रणी है। इसके विध्वंश किये जाने का प्रस्ताव दुर्भाग्यपूर्ण है। अतएव इस प्रस्ताव पर अविलंब रोक लगायी जाये। इन संस्थाओं के प्रमुख भूपेन्द्र जैन, हरीश कपूर टीटू, राजीव बबेले एवं इण्टैक संयोजक संतोष कुमार शर्मा व सह संयोजक रजनीश चड्ढा, वरिष्ठ पत्रकार विनीत चतुर्वेदी, अमरसिंह ने कहा कि यदि हम इसी तरह अपनी विरासतों को नेस्तनाबूद करते रहे तो आने वाली पीढी को कौन सी विरासत सौंपेगे।

### लंबी दूरी की ट्रेनें लेट होने से स्टेशनों पर ठहरने के लिए मजबूर यात्री

## कोहरे में घंटों देरी से पहुंच रही हैं ट्रेनें, यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



मंगलवार को ललितपुर स्टेशन पर कोहरे के कारण 15 से अधिक ट्रेनें दो से नौ घंटे तक की देरी से पहुंचीं। इसके चलते यात्रियों को ठंड में लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा। दिल्ली से खजुराहो जाने वाली गाड़ी संख्या 11842 गीता जयंती एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय सुबह 3.45 बजे की बजाय नौ घंटे की देरी से दोपहर 12.45 बजे ललितपुर पहुंची। वहीं अन्य प्रमुख ट्रेनों में इंदौर जाने वाली मालवा एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12920) अपने निर्धारित समय 4.23 बजे की बजाय पांच घंटे की देरी से सुबह 9.23 बजे पहुंची।

लखनऊ से मुंबई जाने वाली पुष्पक एक्सप्रेस भी अपने निर्धारित समय से चार घंटे विलंब से ललितपुर आई। इसी तरह, सदर्न एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12722) पांच घंटे की देरी से सुबह 11 बजे, मुंबई सीएमएसटी एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 11058) चार घंटे की देरी से सुबह 10.16 बजे और कुशीनगर एक्सप्रेस चार घंटे की देरी से सुबह 10:42 बजे ललितपुर स्टेशन पहुंचीं। दिल्ली से खजुराहो जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस डेढ़ घंटे से अधिक समय पर ललितपुर पहुंची। दिल्ली से भोपाल जाने वाली रानी कमलापति शताब्दी सुपर फास्ट ट्रेन (गाड़ी संख्या 12002) भी अपने निर्धारित समय से दो घंटे की देरी से दोपहर 1:45 बजे स्टेशन पर आई। इसके अतिरिक्त, पंजाब मेल एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12138) तीन घंटे से अधिक, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 18238) एक घंटा 50 मिनट और लखनऊ से भोपाल जाने वाली रफ्ती सागर एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12521) दो घंटे 20 मिनट की देरी से चल रही थी। रफ्ती सागर एक्सप्रेस के शाम 7:06 बजे पहुंचने की संभावना है। गाड़ी संख्या 20424 पातालकोट एक्सप्रेस ट्रेन अपने निर्धारित समय से ढाई घंटे देरी से चल रही है, उसके रात 9 बजकर 15 पर पहुंचने की उम्मीद जताई गई । ट्रेनों के लेट आने से यात्रियों को परेशान होना पड़ा हैं, गीता जयंती एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्री ने बताया कि ट्रेन के देरी से चलने कारण बच्चे भूखे प्यास तड़प रहे।

## जिला गंगा समिति की बैठक संपन्न नदी पुनर्जीवन, स्वच्छता और जन-जागरुकता पर हुए अहम निर्णय



**ललितपुर।** जिला गंगा समिति की मासिक समीक्षा बैठक सीडीओ शेषनाथ चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। डीएफओ गौतम सिंह द्वारा बैठक का संचालन किया गया। अध्यक्षता करते हुए सीडीओ ने नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में चल रहे नदी पुनर्जीवन, प्रदूषण नियंत्रण, वेस्ट मैनेजमेंट एवं जन-जागरूकता से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा गणतंत्र दिवस 2026 की परेड देखने हेतु नदी स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने वाली तालबेहट निवासी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित वाटर वारियर शारदा देवी को नई दिल्ली आमंत्रित किया गया है। पुनरोद्धार हेतु चयनित मडावरा ब्लॉक की बंडई नदी के लिए राज्य स्वच्छ गंगा मिशन से प्राप्त गाइडलाइन्स के अनुसार कार्ययोजना तैयार करने एवं बंडई नदी पुनरोद्धार समिति के गठन पर चर्चा हुई। समिति के नोडल अधिकारी के चयन तथा स्थलीय निरीक्षण की तिथि तय करने पर सहमति बनी। बैठक में जनपद में संचालित विभिन्न वेस्ट ट्रीटमेंट सेंटरों जैसे एफएसटीएफ, एमआरएफ सेंटर, वेस्ट टू कम्पोस्ट प्लांट, पिट कम्पोस्टिंग प्लांट, आर.आर.सी. सेंटर एवं प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट की वर्तमान स्थिति और क्रियान्वयन की समीक्षा की गई।

### नए साल में कई प्रोजेक्ट्स पूरे होंगे तो कई की शुरुआत होगी, लोगों को मिलेगी सुविधाएं

# उम्मीदों से भरा होगा नया साल जिले में बढ़ेगी विकास की रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

नए साल 2026 का आगमन गुरुवार से हो जाएगा। नए साल का जिले के सभी लोग अपने अपने अंदाज में स्वागत करेगे। नए साल के आगमन के साथही तिथी,दिन और साल सब कुछ बदल जाएगा। इसके साथही जिले में विकास की रफ्तार भी बढ जाएगी। क्योंकि नए साल में जिले में कई परियोजनाएं आकार लेगी तो कई बडी योजनाओं का शुभारंभ भी होगा।

उम्मीद है कि नए साल 2026 में श्योपुर को जहां बडी रेल लाइन की सुविधा मिल जाएगी। वहीं यहां मेडिकल कॉलेज का संचालन व्यवस्थित होने के साथही नर्सिंग कॉलेज भवन के निर्माण कार्य का भी शुभारंभ हो जाएगा।



### पूरा होगा रेलवे का काम श्योपुर तक चलेगी मेमू ट्रेन

श्योपुर जिले के लोगों का सालो पुराना सपना बडी ट्रेन का सपना भी नए साल 2026 में साकार हो जाएगा। दरअसल श्योपुर-ग्वालियर के बीच ब्रॉडगेज का काम अंतिम दौर में चल रहा है। सबलगढ तक इस रूट पर मेमू ट्रेन का संचालन भी शुरू हो गया है। जबकि श्योपुर जिले की सीमा में भी रेलवे लाइन बिछाए जाने के साथही रेलवे स्टेशनों का निर्माण कार्य भी युद्धस्तर पर चल रहा है। उम्मीद है कि नए साल 2026 में जून तक काम कंपलीट हो जाएगा और ग्वालियर से सबलगढ तक आने वाली मेमू ट्रेन भी श्योपुर के बर्धा में बन रहे रेलवे स्टेशन तक आना शुरू हो जाएगी। वहीं श्योपुर से दीगोट तक रेलवे लाइन बिछाए जाने का काम धरातल पर शुरू हो जाएगा। इसको लेकर जिले के लोगों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है।

### धरातल पर उतरेगा नर्सिंग कॉलेज,नए पुलों से शुरू होगा आवागमन

नागदा में मेडिकल कॉलेज भवन के नजदीक ही नर्सिंग कॉलेज भवन बनाया जाएगा। उम्मीद की जा रही है कि नए साल 2026 में नर्सिंग कॉलेज भवन का निर्माण कार्य भी धतराल पर शुरू हो जाएगा। वहीं वर्तमान में संचालित मेडिकल कॉलेज का संचालन भी व्यवस्थित हो जाएगा। तथा मेडिकल कॉलेज तक पहुंचने के लिए टू लेन सडक और पुल भी बनकर तैयार हो जाएगा। इसके साथही सीप नदी पर सलापुरा और मानपुर के पास बनाए जा रहे नए पुलों का काम पूरा हो जाएगा और नए साल में इन नए पुलों से आवागमन शुरू हो जाएगा। इसके साथही चुंगीनाके से आवदा रोड तक बनी सडक के बीच सीप नदी पर बन रहे नए पुल से भी नए साल में आवागमन शुरू हो जाएंगा। इसके अलावा सीप नदी पर निमोदामठ के पास तथा सरोदा के पास स्वीकृत नए पुलों का काम भी धरातल पर शुरू होने की उम्मीद है। इसके बाद जिले के लोगों का आवागमन सुगम हो जाएगा।

### नपा और एसपी कार्यालय को मिलेगा नया भवन

नए साल 2026 में शहर की नगर पालिका परिषद और पुलिस अधीक्षक कार्यालय को नए भवन मिल जाएंगे। दरअसल नगर पालिका श्योपुर का नवीन भवन शिवपुरी रोड क्षेत्र में बनाया जा रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि नगर पालिका का यह नवीन भवन वर्ष 2026 में बनकर तैयार हो जाएंगा और परिषद भी पुराने भवन से हटकर नवीन भवन में पहुंच जाएगी। वहीं एसपी कार्यालय को भी नया भवन मिल जाएगा। बता दें कि अभी एसपी कार्यालय कलेक्ट्रेट भवन के पीछे के हिस्से में संचालित हो रहा है। जबकि एसपी कार्यालय का नया भवन पुलिस लाइन रोड पर बनाया जा रहा है। करीब तीन करोड रूपए की लागत से बनाए जा रहे नए एसपी कार्यालय भवन का काम नए साल 2026 में कंपलीट हो जाएगा। उम्मीद की जा रही है कि नए साल 2026 के अंत तक जिले के पुलिस अधीक्षक नए भवन में बैठना भी शुरू कर देगे।



### कूनो में बढ़ेगी पर्यटकों की संख्या

नए साल 2026 के दौरान जिले में पर्यटको की संख्या बढने की पूरी उम्मीद है।क्योंकि कूनो नेशनल पार्क में चीता सफारी पूरी तरह शुरू हो जाएंगी। वहीं मप्र राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा कलेक्टर श्योपुर से टिकटोली गेट पर पर्यटन हेतु मूलभूत सुविधाओं के विकास, कूनों क्षेत्र में संकेतक लगाये जाने, आसपास के जिलों के प्रवेश द्वार पर संकेतक लगाये जाने तथा रणथम्बोर राष्ट्रीय उद्यान भ्रमण करने वाले पर्यटको को कूनों नेशनल पार्क की विजिट के लिए आकर्षित करने हेतु आकर्षक एवं सुंदर साईनेज संकेतक लगाये जाने की अनुमति कलेक्टर अर्पित वर्मा के द्वारा प्रदान कर दी गई है। जिसके चलते पर्यटक कूनो नेशनल पार्क में चीता का दीदार करने के लिए आकर्षिक होगे और कूनो में पर्यटकों की संख्या में इजाफा होना तय है।

### नए साल में बनेगी 21 सड़कें,बढ़ेगी ग्रामीणों की सुविधा

पीएम जनमन योजना अंतर्गत आदिवासी बस्तियों एवं ग्रामों में सडक की सुविधा बढाने के लिए पीएम जनमन अंतर्गत 21 सडको के निर्माण हेतु वर्कऑडर जारी कर दिए गए है,जिनमें भीकापुर फाटक से डाबली सहराना तक, मदनपुरा से मदनपुरा काकड तक, लहरौनी से चांदपुर तक, बुढेरा रोड से जालेरा बीस कॉलोनी तक, कराहल बरगवा रोड से प्रेमनगर आदिवासी बस्ती तक, टिकटोली से हथेडी तक, शिवपुरी श्योपुर रोड से खोरी आदिवासी बस्ती तक, टिकटोली सडक से पटारी तक, श्योपुर शिवपुरी रोड से कलमी ककरधा तक, मोराई रोड से किशनपुरा आदिवासी बस्ती तक, सरजूपुरा रोड से सावडी आदिवासी बस्ती तक, सोईकलां से खुरखुरा आदिवासी बस्ती तक, बगदरी रोड से खैरघटा छोलघटा तक, ढोढर रोड से ढीमचौतरा तक, ढोढर रोड सेमल्दा से नसीरपुरा तक, कॉलोनी से कलोनी महाराजपुरा तक, आवदा अजापुरा रोड से पानी की टंकी के पास अजापुरा तक, बैनीपुरा पुल से नकटूपुरा आदिवासी बस्ती तक, धोबनी रोड से गोपालपुरा चक सहराना तक, गढी मैन रोड से तिलंगापुरा आदिवासी कॉलोनी तक, विजयपुर-टेटरा रोड से खितरपाल आदिवासी बस्ती तक सडक बनना शामिल है। उम्मीद है कि नए साल में इन सडके बन जाएगी और ग्रामीणों का सफर सुगम हो जाएगा।

### विजयपुर थाना पुलिस ने बीएमओ की रिपोर्ट पर दर्ज किया केस

# विजयपुर अस्पताल में तोड़फोड़ मामले में मृतक के भाइयों पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विजयपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मृतक युवक के परिजनों के द्वारा किए गए हंगामे और तोडफोड के मामले में विजयपुर थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। बीएमओ विजयपुर की शिकायत पर पुलिस ने मृतक युवक के दो भाईयों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। यहां बता दें कि मंगलवार को छिमछिमा हनुमान मंदिर के पास हुई दो बाइकों की भिडंत में जितेन्द्र रावन निवासी दोर्द




नामक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जब उसे विजयपुर अस्पताल लाया गया तो विजयपुर अस्पताल के डॉक्टरों ने चैकअप के दौरान जितेन्द्र को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद मृतक के परिजनों ने हंगामा मचाते हुए अस्पताल में तोडफोड कर दी और स्टाफ के साथ भी हाथापाई करते हुए उन्हें थप्पड तक मार दी गई। इस मामले में विजयपुर थाना पुलिस ने बीएमओ विजयपुर डॉ राघवेन्द्र सिंह कर्ण की रिपोर्ट पर जनक रावत और कल्ला रावत निवासी दोर्द के खिलाफ शासकीय कार्य में व्यवधान, तोडफोड और चिकित्सीय स्टाफ के साथ मारपीट करने संबंधी धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। बताया जा रहा है कि जिन दो लोगों के खिलाफ यह एफआईआर दर्ज की गई है,वे दोनों युवक म्रतक युवक जितेन्द्र रावत के छोटे भाई है।

### जिप सीईओ ने लिया पशुपालन विभाग की योजनाओं का जायजा, किसानों को दी समझाइश

# पशुपालन के लिए सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं किसानः सौम्या आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सरकार ने किसानों और ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति बेहतर करने के उद्देश्य से पशुपालन विभाग के माध्यम से कई योजनाएं संचालित की हुई हैं। किसान ओर ग्रामीण इस योजना का लाभ उठाकर पशुपालन को लाभ का व्यवसाय बनाएं। यह बात जिपं सीईओ सौम्या आनंद ने मध्य प्रदेश शासन पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा संचालित दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत ग्राम माधो का डेरा, खोजी पुरा भ्रमण के दौरान किसानों को समझाई देते हुए कही।



जिपं सीईओ ने ग्रामीणों को पशुपालन विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना (डेयरी स्थापित करने हेतु), समुन्नत पशु प्रजनन योजना (नस्ल सुधार हेतु), नन्दी शाला योजना (गौसांड प्रदाय) , बकरी/बकरा/सूकर इकाई प्रदाय, कुक्कुट पालन (चूजे प्रदाय), और पशुधन बीमा योजना जैसी प्रमुख योजनाएं शामिल हैं, जिनका उद्देश्य पशुपालकों की आय बढ़ाना और पशुधन के नस्ल सुधार व स्वास्थ्य रक्षा करना है, जिसमें सभी वर्गों (एससी /एसटी सहित) के लिए अनुदान की व्यवस्था है। इस दौरान उपसंचालक पशुपालन विभाग डॉ एसबी दोहरे,डॉ महेश, डॉ जितेन्द्र उपस्थित रहे।

# पंचायत उप चुनाव की मतगणना कल पांच रांउड में होगी मतों की गिनती

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

पंचायत उप चुनाव के तहत 29 दिसंबर को संपन्न हुए मतदान की प्रक्रिया के उपरांत अब 2 जनवरी को मतों की गिनती की जायेगी। जिला पंचायत सदस्य वार्ड क्रमांक 01 मानपुर क्षेत्र एवं नागदा में सरपंच पद हेतु मतगणना शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज श्योपुर तथा विजयपुर की बैचाई पंचायत में सरपंच पद के लिए मतगणना आईटीआई कॉलेज विजयपुर में प्रातः 08 बजे से शुरू होगी।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय जैन ने बताया कि श्योपुर पॉलीटेक्निक कॉलेज में ईव्हीएम से मतों की गिनती के लिए 14 टेबिल मतगणना के लिए लगाई गई है। इसके साथ ही एक टेबिल रिटर्निंग आफिसर और एक टेबिल सहायक रिटर्निंग आफिसर की रहेगी। दो मतगणना टेबिल रिजर्व में रहेगी। जिला पंचायत सदस्य के लिए 67 मतदान केन्द्रों की गिनती 5 रांउड में पूरी होगी। उन्होंने बताया कि मतों की गणना के लिए 18 मतगणना दल रिजर्व सहित बनाये गये है। मतगणना दल में एक मतगणना सुपरवाईजर एवं एक गणना सहायक रहेंगे। उन्होने जानकारी दी कि मतों की गणना के लिए मतगणना दलों के रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर के माध्यम से की गई है। सरपंच पद के लिए निर्वाचन परिणाम की घोषणा 02 जनवरी को प्रातः 10.30 की जायेगी। जिला पंचायत सदस्य पद के लिए निर्वाचन परिणाम की घोषणा 05 जनवरी 2026 को प्रातः 10.30 बजे होगी।




### मतगणना दलों को दिया प्रशिक्षण

कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद के निर्देशन में पंचायत उप निर्वाचन वर्ष-2025 (उत्तरार्द्ध) हेतु नियुक्त किये गये मतगणना दलों का प्रशिक्षण शा.पीएमश्री महाविद्यालय श्योपुर में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण प्रभारी राजकुमार पाराशर ने बताया कि पंचायत उप निर्वाचन वर्ष-2025 (उत्तरार्द्ध) हेतु नियुक्त किये गये मतगणना (गणना सुपरवाइजर एवं गणना सहायक), टेवूलेशन एवं सीलिग दलों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया था, जिसमें मास्टर ट्रेनर्स द्वारा ईव्हीएम गणना, मतपत्र लेखा से मिलान एवं विभिन्न प्रकार की आवश्यक सावधानियों से अवगत कराया गया तथा मतगणना के संबंध में विस्तार पूरी प्रकिया से अवगत कराया गया। इस प्रशिक्षण को राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स डॉ. ओपी शर्मा प्राचार्य, रमेश भारद्वाज प्राध्यापक, सुभाषचन्द्र प्राध्यापक, पीजी कॉलेज श्योपुर, सुशील दुबे उत्कृष्ट उ.मा.वि. श्योपुर द्वारा प्रदाय किया गया। प्रशिक्षण में सीईओ जनपद एसएस भटनागर भी उपस्थित रहे।

# भागवत कथा में मनाया नंदोत्सव थिरके श्रद्धालु, खूब दी बधाइयां

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के विजय विलास रिसोर्ट में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में बुधवार को श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर भक्तों ने भगवान श्री कृष्ण पर फूलों की वर्षा कर श्रद्धा एवं उल्लासपूर्वक नंदोत्सव मनाया। नंदोत्सव के दौरान जहां आकर्षक झांकी सजाई गई। वहीं श्रद्धालुओं ने भजनों पर खूब नृत्य किया और खूब बधाईयां बाटी गई। श्री कृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग से पूर्व कथा व्यास डॉ संजय कृष्ण सलिल ने समुद्र मंथन, बलि वामन चरित्र, श्रीरामकथा प्रसंग का मनोहारी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण पुराणों में श्रेष्ठ है। यह उस दर्पण की तरह है जो मनुष्य को आंतरिक सुंदरता का बोध कराता है। भागवत कथा और श्रीकृष्ण में कोई अंतर नहीं है। जो भक्त भागवत सुनते हैं, परमात्मा उनके कानों के माध्यम से उनके हृदय में प्रवेश कर जाते हैं और वहां बैठ कर जन्मों-जन्मों से संचित दुर्गुण का शोधन कर देते हैं। जैसे ही व्यक्ति का मन निर्मल होता है, उसकी दृष्टि इस भौतिक जगत से हटकर



अपने आध्यात्मिक स्वरूप की ओर जाती है। शुद्ध हृदय से वह यह देख पाता है कि यह मानव जन्म उसे जीवन-मरण के चक्र को काटने और गोलोक जाने के लिए मिला है। इसके लिए उसे अपना आचरण शुद्ध रखकर भक्तों के संग भक्ति करनी है और नित्य भागवत कथा का पाठ करना या सुनना है। कलियुग में हरि नाम ही केवल हर समस्या का स्थायी समाधान है और जो इस विषय में संदेह करते हैं वे इस नाम का सिमरन करके इसकी महिमा को प्रत्यक्ष अनुभव कर सकते हैं। कथा के दौरान यजमानगण रूपवती अमरनाथ गोयल समेत बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# 2 को मल्होत्रा में होगा हिंदू सम्मेलन तैयारियां में जुटे समिति पदाधिकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सोंई खंड के रायपुरा मंडल का हिंदू सम्मेलन आगामी 2 जनवरी को मल्होत्रा गांव में आयोजित किया जाएगा। इस हिंदू सम्मेलन की तैयारियों में समिति पदाधिकारी व कार्यक्रम जुटे नजर आ रहे है। समिति के लोग रायपुरा मंडल के अंतर्गत आने वाले गांवों में पहुंचकर वहां के ग्रामीणों को पीले चावल देकर हिंदू सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण दे रहे है। दरअसल संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में इन दिनों में जिलेभर मंडल और बस्ती स्तर पर हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रायपुरा मंडल का हिंदू सम्मेलन 2 जनवरी को ग्राम मल्होत्रा स्थित रामजानकी मंदिर प्रांगण में आयोजित किया जाएगा।

### कॉलोनाइजर के साथ रहवासियों को दिशा निर्देश जारी

# अब कलारना रोड पर गरजी प्रशासन की जेसीबी जल संसाधन विभाग की जमीन से हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बुधवार को प्रशासन की जेसीबी सलापुरा के पास गरजी जहां कलारना रोड पर जलसंसाधन विभाग की जमीन पर हो रहा स्थाई ओर अस्थाई अतिक्रमण एसडीएम गगन मीणा ने खड़े होकर हटवाया।

जल संसाधन विभाग द्वारा की गई शिकायत के बाद कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर कलारना रोड स्थित जल संसाधन विभाग की नहर डूब में आ रही जमीन पर दीवार उठाकर किया गया पक्का अतिक्रमण जेसीबी से तोड़कर हटाने का काम प्रशासन ने किया। यह अतिक्रमण क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित किसान नेता और अभिभाषक का था इसलिए विवाद की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने भारी संख्या में पुलिस व्यवस्था की थी हालांकि अतिक्रमण कारियों की ओर से किसी तरह का विरोध नहीं किया गया अलबत्ता जमीन से जुड़े स्वामित्व संबंधित जानकारी जरूर प्रशासन को देने का प्रयास किए गए लेकिन प्रशासन ने उनकी सुनने के बजाय जमीन से अतिक्रमण हटाकर ही दम लिया। प्रशासन ने अतिक्रमण मुक्त कराई जमीन को जल संसाधन विभाग के हैंडोवर कर दिया। इस दौरान तहसीलदार मनीषा मिश्रा सहित बड़ी संख्या में राजस्व ओर जल संसाधन विभाग का अमला मौजूद रहा। उधर कलेक्टर अर्पित वर्मा ने एक बार फिर कॉलोनाइजर को नसीहत देते हुए निर्देशित किया कि पूर्व में काटी कालोनियों को वेध करने के लिए गाइडलाइन का पालन करें ताकि वहां नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके। जो लोग कॉलोनी में निवास कर रहे हैं उन्हें भी समझाइश दी गई है कि वह किसी बहकावे न आए।



### कॉलोनाइजरों को निर्देश, वैध कराएं कॉलोनी

कलेक्टर ने उन कॉलोनाइजर को भी स्पष्ट निर्देश दिए हैं जिन्होंने नियम कायदे का पालन किए बिना कॉलोनी काटकर लोगों को मकान बनाने के लिए प्लॉट बेच दिए हैं जो कालोनियां पूर्व में कट चुकी है उन्हें वैध करने के लिए जिला स्तरीय कॉलोनी सेल गठित की गई है। गाइडलाइन के तहत काटी गई कॉलोनी में वो सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ कॉलोनाइजर आवेदन देंगे तो जिला स्तरीय कॉलोनी सेल उस कॉलोनी को अर्थ दंड देकर वैध करने का काम करेंगी। अगर कॉलोनी नगरीय क्षेत्र में काटी गई है तो नगरपालिका कार्यालय में ओर अगर ग्रामीण क्षेत्र में काटी गई है तो जिला पंचायत कार्यालय में निर्धारित गाइड लाइन के अनुसार आश्रय शुल्क जमा कराकर कॉलोनियों को वैध कराया जा सकता है।

### कॉलोनाइजर को दलालों से बचने की सलाह

कलेक्टर ने कॉलोनाइजर को दलालों और बिचौलियों से बचने की सलाह दी है जो भ्रामक बातें फैला कर गुमराह करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कॉलोनी को वैध करने के लिए आप अपने दस्तावेज जिला स्तरीय कॉलोनी सेल को उपलब्ध कराएं वह नियम अनुसार आपको जो भी होगा अर्थ दंड लगाकर कॉलोनी को वैध करेगी। इस काम में अगर कोई बिचोलिया या दलाल आपके बीच मध्यस्थता करने का प्रयास करें तो उसके झांसे में ना आए यह प्रक्रिया पूरी तरह जिला स्तरीय कॉलोनी सेल द्वारा की जाएगी।

### रहवासियों को पैनिक न होने की समझाइश

जिन कॉलोनीयों में प्रशासन की जेसीबी गरजी है उन कॉलोनी में जिन लोगों ने प्लांट लेकर मकान बना लिए हैं उनको भी कलेक्टर अर्पित वर्मा ने पैनिक न होने की समझाइए दी है। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने पैसा देकर प्लाट खरीदा है और उसकी रजिस्ट्री भी कराई है आपका काम आपने ईमानदारी से किया है लेकिन आपके कॉलोनाइजर ने कॉलोनी की गाइडलाइन का पालन किया या न हीं आपके मकान अवैध नहीं हैं उन्हें कोई नुकसान नहीं होगा लेकिन वहां नागरिक सुविधा तब ही मिलेगी जब कॉलोनाइजर उक्त कॉलोनी को वैध कराएगे ताकि आपको बिजली पानी की सुविधा मिल सके साथ ही दूसरी ओर सरकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों को उसी तरह मिले जैसा अन्य बस्ती में प्राप्त होता है।

# मन का विश्वास मत करो वो विश्वासघाती है उसे अंकुश में रखोः राघव ऋषि

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मन का विश्वास मत करो। मन बड़ा विश्वासघाती है उसे अंकुश में रखो। यह बात बुधवार को बाईपास रोड स्थित हेवीमशिनरी के टीनशेड में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा वाचक राघव ऋषि ने श्रीमद भागवत कथा का रसास्वादन कराते हुए कही। ऋषि सेवा समिति, श्योपुर के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस राघव ऋषि ने जडभरत के प्रसंग का समापन करते हुए कहा कि समग्र सृष्टि भगवान श्रीहरि की है। सृष्टि का नियंत्रण करने के लिए मृत्युलोक में भगवान ने अपने सात प्रत्यक्ष ग्रहरूपी पार्षदों को नियुक्त किया है जो प्रतिक्षण मनुष्य को संचालित करते हैं। सूर्य आत्मतत्व, चंद्रमा मन, मंगल सत्व, रजस व तमस तत्व, बुध वाणी, बृहस्पति प्रज्ञा व ज्ञान, शुक्र सुख व भौतिक संसाधन, शनि मनुष्य के सुख व दुख को नियंत्रित करता है। उन्होंने अजामिल प्रसंग की चर्चा करते हुए कहा कि अजा का अर्थ है माया और माया में फंसा हुआ जीव ही अजामिल है अजामिल ने एक दिन वैश्या को देखा उसका मन बिगड़ गया। आंखें शुद्ध रखो क्योंकि पाप प्रथम आंख से प्रविष्ट होता है। आंख बिगड़ी तो मन बिगड़ा, मन बिगड़ा तो जीवन और नाम भी बिगड़ जाएगा। मनुष्य शरीर की अपेक्षा मन से पाप करता है। अजामिल ने उस वैश्या को अपने घर में रख लिया। संतों के कहने से अपने पुत्र का नाम नारायण रखा अन्त समय में यमदूतों को देखकर भय से अपने पुत्र नारायण को बुलाया। उसका नारायण तो नहीं किन्तु वहां भगवान के दूत आ पहुंचे और दूतों से कहा अजामिल को



छोड़ दो। यमदूतों ने कहा कि अजामिल ने नारायण नारायण तो कहा है किन्तु वैकुंठवासी नारायण को नहीं अपने पुत्र को पुकारा है। पार्षदों ने कहा उसके मुख से भगवान का नाम अनजाने ही निकला है। अग्नि में अनजाने में भी पैर पड़ जाए तो भी जलन होती है। इसी प्रकार जाने या अनजाने में भी प्रभु का नाम लिया जाए तो कल्याण होता है। ऋषि के एकमात्र सुपुत्र सौरभ ऋषि ने ₹सब हो जाए भव से पार लेकर नाम तेरा₹ भजन गाया तो बहुत से लोग विभोर होकर भाव नृत्य करने लगे। पूज्य श्री ने कहा कि अपने इष्ट देवता, मंत्र, गुरु में पूर्ण निष्ठा रखो क्योंकि ये तीनों तत्व एक हैं का स्मरण करने पर अन्य दो का स्मरण अपने आप हो जाता है। पुत्र चार प्रकार के होते हैं, शत्रु पुत्र, ऋणानुबंधी, उदासीन, सेवक पुत्र। प्रथम तीन पुत्रों से कल्याण नहीं होता, सेवक पुत्र ही स्वयं व अपने जीवन को धन्य करता है। हिरण्यकश्यप अहंकारी था उसने मृत्यु पर विजय पाने के उद्देश्य से वर मांगा। भक्त राज प्रहलाद बालपन से ही भगवद भक्ति करते थे प्रभु की प्रसन्नता से जीवन सफल होता है। अन्त में काष्ठ स्तम्भ चीरकर नृसिंह भगवान प्रकट होते हैं और हिरण्यकश्यप का वध करते हैं।

## खबर संक्षेप

### नए साल में उर्वरक वितरण के लिए ई-टोकन प्रणाली लागू होगी

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार जिले में उर्वरक वितरण के लिए ई-टोकन प्रणाली लागू की जायेगी। जिससे किसानों को आसानी से उर्वरक उपलब्ध हो सकेगा। ई-टोकन प्रणाली के तहत कृषक अपनी आधार लिंक फार्मर आई.डी. का उपयोग करके ऑनलाईन टोकन साईट पर 01 जनवरी 2026 से घर बैठे पोर्टल से ऑनलाईन बुक कर सकेंगे। खाद लेने के लिए ई-टोकन पोर्टल पर डबललॉक केन्द्र, एम.पी.एग्रो, समितियों (पैक्स), निजी विक्रेताओं को जोड़ा गया है। किसान अपनी सुविधा अनुसार उर्वरक विक्रेता का चयन कर ई-टोकन बुक कर सकते हैं। निर्धारित समय के भीतर वितरण केन्द्र से खाद प्राप्त कर सकते हैं इस प्रणाली के माध्यम से किसानों को आसानी से खाद प्राप्त करने का विकल्प उपलब्ध कराया जा रहा है। पंजीकरण हेतु किसानों का अपना आधार नम्बर एग्री स्टेक पोर्टल पर पंजीकृत करना होगा। फार्मर आई.डी. पर रकबा एवं फसल की जानकारी अपडेट होना आवश्यक है। मोबाईल पर ओ.टी.पी. के माध्यम पंजीयन की प्रक्रिया करनी होगी। टोकन जनरेशन - पोर्टल किसान की चयनित फसल और उपलब्ध रकबे के अनुसार आवश्यक उर्वरकों के प्रकार और वितरण केन्द्र के चयन के बाद स्वचालित रूप से ई-टोकन जारी करेगा।

### सेवा निवृत्ति पर शिक्षक को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई



**पिपरई।** तहसील ग्राम पंचायत गरेठी मैं खिरिया सहराई प्राथमिक विद्यालय पर पदस्थ शिक्षक बृजभान सिंह चैहान की सेवा निवृत्ति पर उन्हें आयोजित कार्यक्रम में सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस मौके पर उपस्थित जनों ने उनके शैक्षिणक कार्यो का सराहना करते हुए कहा कि वह हमेशा स्कूल के बच्चों में शिक्षा के प्रति हमेशा ईमानदारी और सजगता से कार्य किया और उन्होंने अपने जीवन काल में शिक्षा के प्रति और बच्चों के भविष्य में हमेशा स्कूल नियमित समय पर स्कूल कैसा भी कोई भी मौसम की स्थिति हो हमेशा स्कूल पर मौजूद रहते थे। सभी शिक्षकों ने उनकी सेवानिवृत्ति पर विदाई दी। सेवानिवृत शिक्षक बृजभान सिंह चैहान ने कहा कि उनकी सेवा अवधि में सभी का अच्छा सहयोग मिला। हमें जो जिम्मेदारी मिली है उसे हम अपने जीवन में पूरी ईमानदारी से निभाएं यहीं सच्ची सेवा है। इस मौके पर शैलेंद्र सिंह बीआरसी, वृंदावन लाल लोधी, चंद्रेश शर्मा,जयपालसिंह नरवरिया,श्यामलाल आदिवासी, राजेंद्र सिंह सोलंकी, ओर समस्त गाँव के सदस्य बड़ी संख्या में विदाई कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### परीक्षाओं में प्रतिभागियों ने भाग लिया

**अशोकनगर।** श्रीराम संगीत एवं कला महाविद्यालय अशोकनगर में गायन वादन चित्रकला नृत्य की परीक्षाएं संपन्न हुई। विगत 8 वर्षो से यह संस्था संचालित हो रही है। संचालिका रूबी गुप्त ।(रिंकल सेठ) ने बताया कि यह विद्यालय दिल्ली से संबंद्ध है। अशोकनगर में ही इसकी परीक्षाएं सम्पन्न होती है प्रभाकर को बी.म्यूजिक के बराबर दर्जा दे दिया गया हेस्से बच्चों का इस क्षेत्र में रुझान बढ़ेगा।इस बार आधे सैकड़ा बच्चों ने परीक्षा दी है पहली बार ऐसा हुआ कि इतने सारे बच्चों ने संगीत के क्षेत्र में परीक्षाएं दी, चूंकि गुना और अशोकनगर जिले का एकमात्र महाविद्यालय होने की वजह से अशोकनगर के अलावा गुना, सिरोंज, शाढ़ौरा, चंदेरी, कुछ शिवपुरी जिले के स्टूडेंट रन्नौद खरिया से भी स्टूडेंट ने परीक्षाएं सम्पन्न हुई।
संचालिका ने बताया कि संगीत के क्षेत्र में भी माता पिता सजग हो रहे हैं इसमें दस हजार से भी ज्यादा भर्ती लास्ट ईयर निकली थी।बच्चे इसमें भी अपना भविष्य बना सकते है, आर्ट और म्यूजिक टीचर बनकर, इसमें भर्तीया वर्ग 2 वर्ग 3 की निकलती है।

### 3 बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम, किसान का अस्पताल में उपचार जारी

# किसान की आंखों में मिर्ची डालकर 25 लाख रुपए लूट ले गए बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





तूमैन अशोकनगर सड़क मार्ग पर बदमाशों ने मंगलवार की सुबह 10 बजे लूट की यह घटना को अंजाम दिया। बाईक से आए 3 अज्ञात लुटेरों ने किसान के बैग में रखे 25 लाख रूपए लूट लिए, जब किसान ने विरोध किया तो उसकी आंखों में मिर्ची डालकर बदमाश भाग गए। किसान को जिला अस्पताल अशोकनगर में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

घटना की कहानी यह है कि लखविन्दर पुत्र सतपाल सिंह उम्र 40 साल निवासी तमोईया चक्क का रहने वाला है। किसान का कहना है कि वह अपने घर से सुबह 10 बजे 25 लाख रूपए लेकर निकला था यह रूपए उसने एक पन्नी में रखने के बाद उसे बैग में रख लिया था और बाईक के आगे रखकर ला रहा था। उसे अचानक याद आया कि वह अपना मोबाइल घर पर भूल आया है, वह लौटकर घर गया और मोबाइल लेकर वापिस जब आ रहा था तभी उसके साथ यह घटना हुई। इस घटना में बदमाशों ने उसे रोका और कहा कि यह जमीन बिकाउ है खरीदना है क्या यह कहकर उसे बातों में लगाया और बाद में आंखों में मिर्ची डालकर बैग छीनकर ले जाने लगे। इस दौरान उसने बाईक पर बैठकर ही विरोध किया लेकिन तब तक बदमाश भाग चुके थे।

### 2 बदमाश मुंह पर कपड़ा बांधे थे घटना के बाद भी कोई बचाने नहीं आया

इस घटना के दौरान किसान का कहना है कि उसने मार्ग से निकलने वाले वाहन चालकों से मदद मांगी लेकिन कोई मदद के लिए नहीं आया। इस दौरान एक ग्रामीण ने उसके परिवारजनों को घटना की जानकारी से अवगत कराया जिसके बाद परिवार जन पहुंचे और उसे जिला अस्पताल अशोकनगर लाया गया और पुलिस को सूचना दी गई। इस घटना के बाद पुलिस आरोपियो की तलाश में लगी है। यह घटना पेट्रोल पंप के समीप होना बताई गई है । जिसमें बताया गया है कि दो बदमाश मुंह पर कपड़े बांधे हुए थे किसान ने किसी भी प्रकार की जानकारी इन बदमाशों के बारे में नहीं दी है कि यह कौन थे कहां से आए थे और अगर किसान यह रूपए लेकर जा रहा था तो इसका पता कैसे बदमाशों को था। यह सब मुद्दे भी जांच के विषय हैं।



### किसान ने कहा वह रूपए लौटाने जा रहा था

इस घटना के बारे में किसान लखविन्दर सिंह का कहना है कि उसने अपने मिलने वालों से 25 लाख रूपए लिए थे यह आपस में हमारा लेन देन चलता रहता है। एक दूसरे को जरूरत पड़ने पर वह लेन देन करते रहते हैं। यह 25 लाख रूपए में से 24 लाख रूपए उसे रामपुरा मोहल्ला निवासी जज्जी को देना था और 1 लाख रूपए रामपुरा में ही रहने वाले एक सैनिक से लिए थे उसे वापिस करना था। इस घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपियों की तलाश कर रही है वही दूसरी ओर लूट यह बड़ी घटना अशोकनगर जिले में हुई है। इस घटना ने आमजनों और व्यापारियों को सचेत कर दिया है कि इस तरह रूपए लेकर न आए जाएं। फिलहाल पुलिस के लिए यह घटना जांच का विषय है।

इधर लूट की घटना हुई उधर पुलिस ने शाढ़ौरा में हुई लूट की घटना के एक और आरोपी को दबोचा।

शाढौरा थाने के अंतर्गत घटित 20 लाख रुपये की सनसनीखेज लूट के प्रकरण में कट्टे की नोक पर लूट करने वाला अंतर्राज्यीय लुटेरा सोनू उर्फ सुनील उर्फ जसरथ पुत्र शंकरलाल मीना उम्र 35 साल निवासी ग्राम केशोपुर थाना कुंभराज जिला गुना को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास घटना में प्रयुक्त 315 बोर का देशी कट्टा 06 जिंदा कारतूस एवं लूटे गये 05 लाख रूपये जप्त किए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि थाना शाढौरा अंतर्गत दिनांक 03.12.2025 को गुना अशोकनगर रोड स्थित नगऊखेड़ी तिराहा एवं रेलवे फाटक के मध्य फरियादी नीरज साहू पिता भगवान सिंह साहू, उम्र 33 वर्ष, निवासी शाढौरा के साथ चार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा 20 लाख रुपये की लूट की गंभीर घटना की गई थी। घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर श्री राजीव कुमार मिश्रा द्वारा अज्ञात आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं लूटे गए मशरूका की बरामदगी हेतु 10,000 रुपये का नगद ईनाम घोषित किया गया तथा एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया।

इस घटना में पुलिस मुख्य आरोपी रामसिंह भदौरिया निवासी भरसाबाबड़ी, शाढौरा सहित आरोपी अनिकेत मीना पुत्र छतर सिंह मीना उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम उमरिया कला, थाना कुंभराज जिला गुना एवं गोलू उर्फ राहुल पुत्र चतुर सिंह मीना निवासी उमरिया चक्क थाना कुंभराज जिला गुना को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। इसी बीच पुलिस को मुखविर से सूचना मिली थी कि सोनू उर्फ सुनील उर्फ जसरथ पुत्र शंकरलाल मीना उम्र 35 साल निवासी ग्राम केशोपुर थाना कुंभराज जिला गुना के मावन रेलवे स्टेशन पर है जिसे पुलिस टीम द्वारा घेरावंदी कर मौके से गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 315 बोर का देशी कट्टा, 06 जिंदा कारतूस एवं लूटे गये 05 लाख रूपये विधिवत जप्त किये गये। आरोपी को न्यायालय अशोकनगर मे पीआर पर पेश किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि आरोपी सोनू उर्फ सुनील उर्फ जसरथ पुत्र शंकरलाल मीना उम्र 35 साल निवासी ग्राम केशोपुर थाना कुंभराज जिला गुना के विरूद्ध मध्यप्रदेश एवं राजस्थान में दर्जनों अपराध पंजीवद्ध है। आरोपी सोनू उर्फ सुनील उर्फ जसरथ पुत्र शंकरलाल मीना पूर्व में 30,000 रूपये का इनामी आरोपी एवं वर्ष 2017 में ग्राम खटकिया जिला गुना के सरपंच गोपाल मीना के अपहरण में आरोपी रहा चुका है।

### प्रशांत की 52 रनों की शानदार पारी से जीती

# बीना कप के आठवें दिन हुए 4 रोमांचक मुकाबले



**बीना।** बस स्टैंड के सामने आयोजित स्वर्गीय पंडित राकेश सिरोठिया क्रिकेट टूर्नामेंट ₹बीना कप₹ के आठवें दिन पहले राउंड के 5 व दूसरे राउंड के 2 मुकाबले हुए। आठवें दिन का पहला मैच सागर लिटिल और नालंदा किक्रेट टीम बीना के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बीना ने 75 रन बनाए। जवाब में सागर ने पांच ओवर में ही लक्ष्य हासिल किया। आकाश जाटव ने 35 रनों का योगदान दिया और मैन ऑफ द मैच रहे। दूसरा मैच विक्टोरिया बीना और रफ्तार इलेवन नर्मदापुरम के बीच हुआ। जिसमें विक्टोरिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर मे 112 रन बनाए। जवाब मे दूसरी पारी में लक्ष्य का पीछा करते हुए नर्मदापुरम के बल्लेबाजों ने 3 विकेट से मैच जीत लिया। 4 विकेट एवं दस रन बनाकर मोहनिश मैन ऑफ द मैच रहे।

तीसरा मैच सागर और सरकार इलेवन छतरपुर के बीच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए सागर ने 8 ओवर में 72 रन बनाए। जवाब में छतरपुर ने पांच ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया। प्रशांत ने 52 रन बनाए, जो मैन ऑफ द मैच प्रशांत रहे। दूसरे राउंड का मैच छतरपुर और नर्मदापुरम के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नर्मदापुरम ने 111 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए रोमांचक मुकाबले में छतरपुर 11 रन से पराजित हुई। छतरपुर विशाल शर्मा ने 72 रनो की शानदार पारी खेली खेली और मैन ऑफ द मैच चुने गए।

आठवें दिन मुख्य अतिथि प्रभू दयालु कुशवाहा प्रदेश मंत्री भाजपा, कुशवाहा समाज अध्यक्ष महेश कुशवाहा, कन्हैयालाल कुशवाहा पार्षद सागर, संतोष कुशवाहा , कैलाश कुशवाहा, कृष्णा कुशवाहा पूर्व पार्षद, शशि कुशवाहा, सुमन कुशवाहा सरपंच किरोंद, लवकुश समिति अध्यक्ष नंदकुमार कुशवाहा, संजय कुशवाहा, प्रहलाद कुशवाहा व कुशवाहा समाज के वरिष्ठ जन के अलावा जाहर सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष, पूरन सिंह रघुवंशी जनपद सदस्य, दामोदर राय सरपंच उपस्थित रहे। उन्होंने स्व.पंडित राकेश सिरोठिया के चित्र के पुष्पांजलि अर्पित की। मैचों में अंपायर राजेश मिश्रा, महेंद्र यादव, कामेंटर अकरम अली, अनिल शर्मा एवं स्कोरर रोहित, नीतेश वर्मा, राघव लिटोरिया रहे।

## एसडीएम त्रिलोचन गौड़ ने किया विद्यालय और गौशाला का निरीक्षण

**ईसागढ़।** मंगलवार को शास. हाई स्कूल सिरनी और छपरा गौ शाला का किया निरीक्षण। विद्यालय में कक्षा के बाहर टाट-पट्टी पर बैठे पाये गये। विद्यार्थियों को अंदर कक्षा में बेंच पर बैठाया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था एवं मध्यान्ह भोजन मेन्यू अनुसार नहीं होने से नाराजगी व्यक्त की गई एवं प्राचार्य को कारण बताओ सूचना पत्र किया गया। मेन्यू अनुसार मध्यान्ह भोजन नहीं होने से स्व-सहायता समूह पर कार्यवाही हेतु सी.ई.ओ. जनपद पंचायत ईसागढ़ को निर्देशित किया गया। साथ ही ग्राम छपरा में स्थित गौशाला का भी निरीक्षण किया गया। जिसमें गौशाला में चारा, पानी एवं विद्युत आपूर्ति की जानकारी ली गई। गौशाला संचालक को गौशाला में स्थित गायों की पर्याप्त देखभाल करने एवं आवश्यक व्यवस्थाएं करने तथा संबंधित ए.वी.एफ.ओ. को गौशाला का नियमित निरीक्षण करने हेतु निर्देश दिये गये।

# 'खेलेगा मुंगावली-जीतेगा मुंगावली'

**मुंगावली।** गणेश शंकर ताल मैदान में मंगलवार को मुंगावली ओलम्पिक खेलों के आयोजन से पूर्व नगर में विशाल मशाल रैली का आयोजन किया गया। जिसमें अंतविद्यालयीन खेल प्रतियोगिता स्टेडियम मैदान में 2 जनवरी से 4 जनवरी तक होगी। इस ओलम्पिक खेलो की मशाल प्रज्वलित कर ओलंपिक रैली का शुभारंभ जिले की बिटिया और एकलव्य आवर्ड ओर ब्रिकम अवॉर्ड विजेता नवीन क्रीड़ा अधिकारी भूरक्षा दुबे के द्वारा किया गया। वही ज्ञानालय परिवार के संयोजक और विधायक पुत्र अर्जुन यादव इस विशाल रैली में शामिल रहें।



इस तरह के ओलम्पिक खेलों से माध्यम से प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के प्रोत्साहन एवं खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ओलम्पिक खेलों का आयोजन किया जा रहा है। गौरतलब रहे कि नगर परिषद के द्वारा इस मशाल रैली का आयोजन गणेश तालाब ग्राउंड से प्रारंभ हुई जो नगर के बस स्टैंड जय स्तंभ चैराहे से पोस्ट ऑफिस श्री राम लीला मंच से गायत्री मंदिर चैराहा, गणेश शंकर विद्यार्थी चैराहा से पुराने थाने के सामने से वापस नगर परिषद ग्राउंड में समापन हुआ। जिसमें गणेश शंकर विद्यार्थी जी की प्रतिमा पर भुरक्षा दुबे और नगर परिषद अध्यक्ष नीतू ग्वाल नरेश ग्वाल, विधायक पुत्र अर्जुन यादव के द्वारा माल्यापरण किया गया। बता दें कि इस ओलम्पिक खेलों में नगर के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्राओं की सहभागिता रहेगी। रैली के माध्यम से खेलों के प्रति जागरूकता फैलाने के साथ-साथ विद्यार्थियों में अनुशासन, एकता एवं खेल भावना विकसित करने का संदेश दिया गया हैं इन ओलंपिक खेलो में इन खेलों में कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी, टेनिस बॉल क्रिकेट, एथलेटिक्स की विभिन्न स्पर्धाएं, शतरंज, हैंडबॉल सहित अन्य खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इस रैली में ज्ञानलय परिवार संयोजक अर्जुन यादव,एसडीओपी सनम बी खान, थाना प्रभारी अरविंद सिंह कछुवाह, नगर परिषद सीएमओ विनय भट्ट, नगर परिषद अध्यक्ष नीतू ग्वाल, विधायक प्रतिनिधि नरेश ग्वाल,बीईओ श्याम बिहारी शर्मा, शिक्षक प्रमोद चतुर्वेदी सहित विद्यालयों के प्राचार्य ओर शिक्षक खेल प्रशिक्षक एवं अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शासकीय भूमि से हटाया अतिक्रमण

## भू-माफिया के विरुद्ध प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



जिला प्रशासन के निर्देशानुसार तहसील चंदेरी अंतर्गत ग्राम प्राणपुर में भू-माफियाओं एवं अवैध अतिक्रमणकर्ताओं के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सख्त एवं निर्णायक कार्यवाही की गई। भूमि सर्वे क्रमांक 94, रकबा 0.042 है, शासकीय कुंआ की शासकीय भूमि पर मोहम्मद तौफीक पुत्र सलीम खान जाति मुसलमान द्वारा लगभग 60 वर्ग फीट क्षेत्र में दुकान निर्माण कर अबैध रूप से अतिक्रमण किया गया था।

उक्त अतिक्रमण के संबंध में प्रशासन द्वारा पूर्व में 19 दिसम्बर 2025 को विधिवत कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। निर्धारित समयावधि तक संबंधित व्यक्ति द्वारा कोई भी संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके पश्चात मंगलवार को प्रशासन ने कड़े कदम उठाते हुए जेसीबी मशीन के माध्यम से मौके पर पहुंचकर अवैध अतिक्रमण को हटवाया। यह संपूर्ण कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) मनीष धनगर के निर्देशन एवं तहसीलदार दिलीप दरोगा के नेतृत्व में संपन्न की गई। कार्रवाई के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रशासनिक अमले की मौजूदगी सुनिश्चित की गई। प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि शासकीय भूमि पर अप्रैध कब्जा करने वाले भू-माफियाओं के विरुद्ध किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे शासकीय भूमि पर अतिक्रमण न करें तथा यदि कही अवैध कब्जा हो तो उसकी सूचना प्रशासन को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

### 2025 खट्टी मीठी यादों के साथ हो रहा अलविदा, अशोकनगर जिले को कोई नई उपलब्धि नहीं!

# अलविदा हुआ 2025, नव वर्ष 2026 का तैयारियों से किया आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



वर्ष 2025 से जो उम्मीदे जिले के लोगो ने लगाई थी। वह उम्मीदें चर्चाओ के बीच मे रही।जिले को कोई नई उपलब्धि नही मिली। हर वर्ष की तरह 2025 भी विदा हो गया। अब लोगो ने 2026 मे अपने सपनो को लेकर पूरे होने की आशाए जताई है।

अशोकनगर जिला जिस उन्नति की राहो पर होना चाहिए उन राहो पर यह जिला नही चल पाया है। तमाम जन प्रतिनिधि होने के बाद भी कुछ नया इस जिले मे नही हो पाया। स्थानीय संस्थाओ मे भाजपा के प्रतिनिधि है। प्रदेश और देश मे सरकार भी भाजपा की है। लेकिन इन सब के बाबजूद भी अशोकनगर जिले को कोई नई उपलब्धि नही मिल पाई। लेकिन इतना जरूर है कि अब जिले के लोग अधिक जागरूक हो गए हैं और उन्हे जनप्रतिनिधि मीठी मीठी बातो से नही ठग सकते। यह संदेश जरूर 2025 मे जरूर जिले के लोगो ने देने का प्रयास किया है। जन प्रतिनिधियो को जनता की खरी खरी भी सुनना पडी है।

**जिले में अतिक्रमण पर कार्यवाही हुई, कई नवाचार भी हुए** अशोकनगर जिले मे यदि प्रशासनिक दृष्टि से बात करे तो जिले मे कुछ नवाचार देखने को मिले है। कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा बालिका शिक्षा, कुपोषण से मुक्ति, साइकिल यात्रा का नवाचार किया गया। कलेक्टर के द्वारा शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए अभियान चलाया गया। जिले भर के कार्यालयों के निरीक्षण हुए लापरवाहों पर कलेक्टर ने कार्यवाही की। जिला प्रशासन द्वारा सटटा किंग पर की गई बड़ी कार्यवाही भी शामिल है। वह एसपी राजीव कुमार मिश्रा द्वारा आने के बाद जिले में कईं नवाचार किए गए जिसमें यातायात व्यवस्था को सुधारने, अपराधियों पर कार्यवाही के साथ जागरूकता का संदेश दिया।

**जिला मुख्यालय मेडीकल कॉलेज के लिए तरसता रहा** इसी तरह जिले मे यदि कृषि उपज गल्ला मंडी की दृष्टि की बात करे तो दोनों मंडीयों में माल की बंफर आवक होती रही। इस बाद वर्षा भी खूब हुई। स्वास्थ्य की दृष्टि से बात करे तो अशोकनगर शहर की जिला अस्पताल को 300 विस्तर का दर्जा तो मिल पाया। लेकिन अस्पताल का नया भवन अभी और समय लगेगा। जिले में न मेडिकल कॉलेज आया। अगर शिक्षा की दृष्टि से बात करे तो शहर मे कोई भी बडा कॉलेज नही खुला। जिले के छात्र छात्राए महानगरो और पडौसी जिलो पर निर्भर रहे। इस वर्ष कृषि महाविघालय भी नही आया और केन्द्रीय विघालय की स्वीकृति जरूर हुई और केन्द्रीय विद्यालय लगना भी प्रारंभ हो गया।

इन्दौर के लिए रेल की मांग फिर अधूरी रह गई

जिले मे रेल यातायात की दृष्टि से बात करे तो मांगो का सिलसिला जारी रहा। जिले को ग्वालियर से बैंगलूर जाने वाले नई ट्रेन की सुविधा का लाभ मिला और गुना बीना ट्रेन को रूठियाई तक बढ़ाया गया। इसके अलावा एक भी मांग पूरी नही हुई। इन्दौर के लिए रेल सुविधा की मांग बड़ा मुददा बनी है।

**कोई नेशनल हाईवे नहीं आया, किसी ने रूचि नहीं ली** अगर सडक यातायात की बात करे तो अशोकनगर जिले मे नेशनल हाइवे की मांग उठती रही। लेकिन मांग पूरी नही हुई। शहर को चारो ओर से रिंग रोड से जोडने की मांग फिर भी अधूरी रही। लेकिन विदिशा रोड़ से गुना रोड़ जोड़ने के लिए एक नए वायपास की जरूर घोषणा की गई। मुगावली और शाढौरा रेल फाटक पर ओवर ब्रिज निर्माण की प्रक्रिया चलती रही। अगर औघोगिक दृष्टि से बात करे तो जिले को कोई बडी उपलब्धि हासिल नही हुई परमाणु संयत्र को लेकर जरूर नाम सामने आया है अधिकारी भी आए लेकिन हुआ कुछ नहीं। खेलो की दृष्टि से बात करे तो जिले के खिलाडी प्रदेश और देश के मानचित्र पर अपने खेल का प्रर्दशन करते रहे और कई पुरूस्कार भी अर्जित किए। अशोकनगर के अक्षत रघुवंशी का चयन आईपीएल क्रिकेट स्पधा में हुआ। जिले के किसान खाद को लेकर जरूर परेशान होते रहे लेकिन यहा के किसानो ने मक्का का रिकॉर्ड उत्पादन कर एक नई किस्म को जन्म दिया। परंपरागत फसलो से किसानो का ध्यान हट रहा है।

**शहर और जिला धर्म के रंग में रंगा रहा** जिले मे धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम खूब होते रहे। इस बार जिला मुख्यालय को पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज के चातुर्मास का मौका मिला। शहर में जैन मंदिरों का निर्माण होने के साथ पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन करने का मौका मिला। शहर में धर्म कथाएं होती रहीं वर्ष भर होने वाली जंयती के आयोजन भी होते देखे गए। शहर मे सडको का निर्माण जरूर हुआ।